# सतपाल महाराज की अध्यक्षता में आगामी 4 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले कांवड़ यात्रा-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित




**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। श्री सतपाल महाराज मा0 मंत्री पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, सिंचाई, लोक निर्माण, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेला नियंत्रण भवन(सी0सी0आर0) में आगामी 04 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले कांवड़ यात्रा-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम श्री पूरण सिंह राणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कांवड़ यात्रा का इतिहास, कांवड़ यात्रा की समयावधि, विभिन्न राज्यों से आने वाले कांवड़ियों का क्या अनुपात है, वर्ष 2002 से अब तक कितने कांवड़िये पवित्र गंगाजल लेने आये, कावंड़ यात्रा के क्या-क्या नियम रहेंगे, कांवड़ मार्गों का विवरण, वैकल्पिक मार्गों का विवरण, कांवड़ यात्रा की क्या-क्या चुनौतियां हैं, रोड़ीबेलवाला, बैरागी कैम्प सहित पार्कों में की गयी व्यवस्था, कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, सरकारी तथा गैर सरकारी प्रमुख स्टेक होल्डर, कांवड़ यात्रियों की सुविधा हेतु प्रशासन की व्यवस्था, कांवड़ मेले की दृष्टि से स्वास्थ्य, नगर निगम आदि विभागों द्वारा की जा रही तैयारियां आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। मा0 कैबिनेट मंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि ईश्वर ने उन्हें कांवड़ मेले के निमित्त लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। इसलिये वे अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुये कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न करायें। उन्होंनें अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा का अब तक का जो इतिहास रहा है, उसका आम जन मानस में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से इस वर्ष की कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के सम्बन्ध मे जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष इसमें इजाफा हो रहा है, उसी को देखते हुये इस वर्ष पांच करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कांवड़ मेले के संचालन के लिये बनाई गयी व्यवस्था के सम्बन्ध में मा0 कैबिनेट मंत्री द्वारा पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि कांवड़ मेले को 12 सुपर जोन, 32 जोन तथा 119 सेक्टरों में बांटा गया है, जिसके पूरे संचालन के लिये पांच नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। इस पर मा0 कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा संचालन के लिये जितने भी अधिकारियों की तैनाती की गयी है, उनके मोबाइल नम्बरों का भी प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे सम्पर्क किया जा सके। श्री सतपाल महाराज ने बैठक में बताया कि प्रतिमाह कोई न कोई तीज, त्योहार तथा मेले आयोजित होते रहते हैं, जिसके लिये सरकार भविष्य में एक मेला प्राधिकरण के गठन पर विचार कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा की प्रमुख तिथियों के दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जाये। मा0 कैबिनेट मंत्री ने कांवड़ यात्रा के क्या-क्या नियम निर्धारित किये गये हैं तथा क्या-क्या चुनौतियां हैं।

# 30 जून को होगा, विश्व हिंदू महासंघ भारत, इकाई उत्तराखंड का शपथ ग्रहण समारोह



**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। विश्व हिंदू महासंघ भारत, इकाई उत्तराखंड का शपथ ग्रहण समारोह एवं हिंदू स्वाभिमान जागरण यात्रा का शंखनाद कार्यक्रम दिनांक 30 जून,2023 दिन शुक्रवार को स्थानीय होटल में आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड सहित अन्य प्रांतों के पदाधिकारी शिरकत करेंगे हैं। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष अनुराग धीमान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सहदेव सिंह कार्यक्रम को सफल बनाने के जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ गणमान्य संत समाज भी उपस्थित रहेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी राजकुमार नाथ, उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर सत्यानंद गिरी, हिंदू हृदय सम्राट योग गुरु दीपांकर महाराज, राष्ट्रीय सचिव विक्रम गोस्वामी, हरीश वर्मा सहित उत्तर प्रदेश गो रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगिंद्र सिंह, यूपी प्रदेश मंत्री पंकज वालिया, बिल्लू प्रधान मेरठ मंडल प्रभारी , मातृ शक्तियों , व अनेकों गण मान्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत आनलाईन संबोधित करेंगे।

# मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित




**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे विकास योजना के अंतर्गत चयनित आवेदकों के साक्षात्कार हेतु ज़िला चयन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार प्रतीक जैन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अन्तर्गत 22 आवेदक, गैर वाहन मद में 01 आवेदक व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे विकास योजना के अंतर्गत 04 आवेदकों के द्वारा आवेदन किया गया था जिन्हें जिला अनुश्रवण समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया और सभी आवेदकों का साक्षात्कार किया गया, जिसके आधार पर उक्त आवेदन पत्रों का निरीक्षण एवं परीक्षण करने के उपरांत समिति द्वारा वाहन मद में 11, गैर वाहन मद में 01 एवं होम स्टे योजना के अंतर्गत 04 आवेदकों के आवेदन को वित्त पोषण हेतु योजना के अंतर्गत चयन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंकों को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदकों को बैंकर्स द्वारा समयबद्धता से ऋण मुहैया कराया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि ऋण स्वीकृत करने में आनाकानी करने वाले बैंकर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वरोजगार इच्छुक लोगों को योजना के तहत अधिक से अधिक व्यक्तियों को स्वरोजगार मुहैया करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र तथा जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को स्वरोजगार सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दें, जिससे वह भी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि होमस्टे योजना के अंतर्गत भवन निर्माण में पहाड़ी थीम का प्रयोग किया जाये। इससे पहाड़ी परम्परा से देश विदेश के पर्यटक रूबरू हो सकेंगे व उत्तराखंड को अपनी विशिष्ट पहचान मिलेगी।

# परम्परागत भोजन को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सम्मान

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विगत दो दशक से अधिक समय से उत्तराखण्ड के परम्परागत भोजन को गढ.भोज के नाम से देश भर में प्रचारित प्रसारित कर थाली व आर्थिकी का जरिया बनाने के कार्य के लिए द्वारिका प्रसाद सेमवाल को मुख्यमंत्री आवास में एक कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बनने के साथ ही द्वारिका प्रसाद सेमवाल उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन की अगुवाई करने वाले नारे कोदा झगोंरा खायेंगे उत्तराखण्ड बनायेंगे को साकार करने के काम में लग गए थे। आज उत्तराखण्ड का भोजन की चर्चा चारो तरफ है। किसी भी काम के लिए अगर मन बना लिया जाये तो संसाधन खुद ही जुट जाते हैं। सेमवाल के द्वारा भोजन को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए चलाए गया गढ. भोज अभियान एक भगीरथ प्रयास है। इनके द्वारा अनेकों नवाचारी काम किए जा रहे है बीज बम अभियान आज देश का अभियान बन चुका है वहीं जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कल के लिए जल अभियान ने जल संरक्षण को एक नई दिशा दी है। वर्तमान समय में पानी को बचाना भी चुनौती पूर्ण काम है पानी बचाने को लेकर किए जा रहे कार्य के लिए आप आने वाले समय में राज्य के ब्रांड एंबेसडर है। मुख्यमंत्री जी ने अभियानों के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही साथ द्वारिका प्रसाद सेमवाल के कार्यो पर केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर एवं पर्वतीय शोध केंद्र द्वारा लिखी गढ. भोज अभियान एवं कल के लिए जल अभियान का विमोचन किया। गढ. भोज अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने सम्मान के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूगो ने खास डिस्काउंट की घोषणा की, टिकटों की बुकिंग पर मिलेगा 10 प्रतिशत की छूट

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। ग्रीनसेल मोबिलिटी की ओर से भारत के सबसे बडे.प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड, न्यूगो ने फादर्स डे के मौके पर यात्रियों के लिए बेहद खास पेशकश की घोषणा की है, जिसमें 18 से 28 जून, 2023 के दौरान सभी यात्राओं की टिकटों पर 10 प्रतिशत की शानदार छूट का प्रस्ताव दिया जा रहा है। सिर्फ न्यूगो की वेबसाइट और ऐप के जरिए ही इस ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। यह ऑफर ब्रांड के उस संदेश का हिस्सा है कि, न्यूगो किस तरह है। चाहे उनकी सुरक्षा या सहूलियत के बारे में परवाह करने की बात हो, या फिर किफायती होने की बात हो, न्यूगो के साथ हर सफर को हमेशा पिताओं की मंजूरी मिलेगी। सीमित समय के लिए उपलब्ध यह छूट, सही मायने में सभी परिवारों को अपने प्यारे पिताओं को यादगार सफर का अनुभव प्रदान करने के लिए न्यूगो की ओर से दिया जाने वाला एक शानदार अवसर है। ब्रांड यात्रियों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देता है और इसके लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाए गए हैं। इसके तहत, हर बार बस को रवाना किए जाने से पहले 25 इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल जाँच की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बसें सफर के लिए सबसे बेहतर स्थिति में हैं। इसके अलावा, बस और उसके ड्राइवरों पर हमेशा नजर रखने के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम की सुविधा भी लगाई गई है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना के मामले में समय पर प्रतिक्रिया दी जा सके। किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए ब्रांड की सभी बसों में ।क्। (एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम) नामक अत्याधुनिक टक्कर-रोधी प्रणाली भी लगाई गई है। सभी कोच स्पीड लॉक से सुसज्जित हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ड्राइवर बस को 80 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार पर नहीं चला सके। ब्रांड की ओर से प्रस्थान से पहले अपने बस चालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट भी किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्होंने शराब या किसी मादक पदार्थ का सेवन नहीं किया है। सुरक्षा के इन सभी उपायों के अलावा, न्यूगो द्वारा बसों पर नजर रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उपयोग भी किया जाता है। बसें आग की रोकथाम एवं नियंत्रण प्रणाली के साथ-साथ बैटरी तापमान नियंत्रण प्रणाली से लैस हैं।

# मूक बधिरजनो और दिव्यांगजनो ने मनाया सक्षम का स्थापना दिवस समारोह

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। हरिद्वार में दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली राष्ट्रव्यापी संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) ने 15वे स्थापना दिवस के अवसर पर सक्षम दिव्यांग जागरूकता रैली निकाली और मूक बधिरजनो और दिव्यांगजनों के साथ गंगा आरती में सहभागिता की। रैली श्रीचंद्राचार्य चौक से गोविंद घाट तक निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मूक बधिरजनो और दिव्यांगजनो के साथ साथ डा. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज के पूर्व छात्रों, नगर के गणमान्य लोगो और सक्षम के दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने दिव्यांगजनों के साथ रैली में दिव्यांगजनों के साथ कदमताल किया और गंगा आरती में सहभागिता की। रैली में पूरे रास्ते भारत माता की जय, गंगा मैय्या की जय, सक्षम भारत समर्थ भारत, वंदेमातरम् के नारे लगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्षम के संदीप अरोड़ा और संचालन जिला सहसचिव कुलदीप सिंह राजयान ने किया। जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा ने कहा कि सक्षम मूक बधिर और दिव्यांगजनों के हितो को लेकर लगातार प्रयासरत है और ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग मित्र बनाने के प्रयास में लगे है। सक्षम के जिला संरक्षक विनोद कुमार शर्मा, जिला सचिव मानसी मिश्रा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, देवभूमि बधिर एसोसिएशन की प्रदेश प्रवक्ता सोनिया अरोड़ा, सक्षम के जिला उपाध्यक्ष उमंग डियोंडी, जिला सहसचिव आरती मेहता, सविता प्रकोष्ठ जिला प्रमुख सुमंत पंत, सदस्य विमलेश गौड़, दीपिका राणा, शास्त्री जी, एडवोकेट रजनी अहलूवालिया ने अपने विचार रखे। रैली में दिव्यांग गिरीश पपने, राजकुमार, अभय सिंह, शुभम चौधरी आदि ने भाग लिया।

# कुंभकर्णी नींद में एचआरडीए अफसर, चोरी छिपे चल रहा अवैध निर्माण

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। हरिद्वार रुड़की विकास पर अधिकारियों की नींद आखिर अवैध निर्माणों को लेकर कब टूटेगी। या फिर यूं कहे कि अधिकारी जानकर भी जान पूछकर अंजान बने हुए हैं। क्योंकि धड़ल्ले से नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण का कार्य जोरों सोरों से किया जा रहा है। जिस निर्माण की हम बात कर रहे हैं उसकी कंपाउंडिंग को लेकर फाइल विकास प्राधिकरण में लंबित पड़ी है। लेकिन कार्य तकरीबन पूरा कर लिया गया है। पर अधिकारी खामोश हैं।

शिकायत होने के बाद भी कार्य को पहले बाहर से पूरा करवा दिया गया और फिर अंदर ही अंदर काम कराया जा रहा है। जिससे सवाल उठाते हैं कि क्या अधिकारियों की ही शह पर अवैध रूप से दुकानों और उसकी ऊपरी मंजिलों का निर्माण किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की शह पर शहर में लगातार अवैध निर्माण कार्य होने की बात किसी से छुपी नहीं है। शिकायत होने के बाद पहले निर्माण कार्यों को बाहर से पूरा करा दिया जाता है। उसके बाद गुपचुप तरीके से अंदर ही अंदर निर्माण कार्य करने के आदेश विकास प्राधिकरण के अधिकारी ही दे देते हैं। अब ताजा मामला ज्वालापुर मोहल्ला कड़च्छ अंबेडकर चौक स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बराबर में दो बड़ी दुकानें और दूसरी मंजिल पर हो अवैध निर्माण कार्य का है। यहां धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जिसे विभाग और अधिकारियों की कार्य शैली पर पर्सन चीन लग रहे हैं आखिर विकास प्राधिकरण के अधिकारी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही करने से क्यों कतरा रहे हैं या फिर यूं कहे की मेरी भगत कर ये कार्य कराया जा रहा है।


G20

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा समरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अर्न्तगत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य रू. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 97235201 | मल्टी सेक्शन डिजिटल की केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता इकाई के लिए रिले ड्राइव कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम या नवीनतम मात्रा-10 नग केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता के लिए कॉन्फ़िगरेशन कार्ड आरडीएसओ के अनुसार मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम की इकाई विशिष्टता. नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम मात्रा-10 नग आयोजन मल्टी सेक्टर डिजिटल एक्सल के केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता के लिए लॉगर कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार काउंटर सिस्टम। नं. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग मल्टी के लिए पावर और डेटा कपलिंग यूनिट (पीडीसीयू)। आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार सेकटन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग सर्ज अरेस्टर आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग एसएम पैनल कार्ड (आपूर्ति) आरडीएसओ के अनुसार मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए spec. No. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. एसएम पैनल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए कार्ड (8 ch. रीसेट)। प्रति RDSO spec. No. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. मल्टी सेक्शन डिजिटल की फील्ड यूनिट के लिए डुअल माइक्रो कंट्रोलर लॉजिक कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम या नवीनतम। मात्रा-10 नग | 1 सेट | 87040/- | 4351840/- | 22-07-2023 |
| 2. | 97235200 | सेंट्रल के लिए मूल्यांकनकर्ता कार्ड (ईएमओ8)। मल्टी सेक्शन डिजिटल की मूल्यांकनकर्ता इकाई आरडीएसओ के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम विशिष्टता. नं. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. द्वारा निरीक्षण आरडीएसओ. उच्च वोल्टेज डीसी–डीसी कनवर्टर 24 वीडीसी को परिवर्तित करने के लिए मॉड्यूल डीसी 210 मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल के 96 वीडीसी तक आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार काउंटर सिस्टम। नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. द्वारा निरीक्षण परीक्षण की प्राप्ति के बाद परेषिती का प्रमाण पत्र और गारंटी प्रमाण पत्र OEM | 1 सेट | 87890 | 4394398.67 | 22-07-2023 |
| 3. | 97235198 | विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 संस्करण के डिजिटल एक्सल काउंटर सिंगल सेक्शन (एसएसडीएसी) की आपूर्ति। आरडीएसओ द्वारा '3' निरीक्षण | 5 सेट | 58670 | 2933283.35 | 22-07-2023 |
| 4. | 97235147 | यूनिवर्सल की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग सिंगल लाइन के लिए फेल सेफ ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट (यूएफएसबीआई)। नवीनतम के साथ आरडीएसओ एसपीएन संख्या आईआरएसः एस–105/2012 के अनुसार संचालन वीईआर और एएमडीटी प्रत्येक सेट में निम्नलिखित शामिल हैः सिंगल लाइन के लिए यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटर फेस प्रति आरडीएसओ एसपीएन संख्या आईआरएसः एस 104/2012 नवीनतम संस्करण के साथ और संशोधन. इसमें ऑटो चेंज ओवर शामिल होगा क्वाड और ओएफसी कार्य करने की सुविधा। आवश्यक मॉडेम क्वाड और ओएफसी के लिए ऑटो के साथ आपूर्ति की जानी चाहिए परिवर्तन की व्यवस्था मात्रा-02 संख्या ब्लॉक पैनल आरडीएसओ डीआरजी संख्या के अनुसार सभी सहायक उपकरणों के साथ पूर्ण नवीनतम एएमडीटी के साथ आरडीएसओ/एस/32017। मात्रा–02 रिले रैक दोहरी लॉकिंग और सीलिंग व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक के लिए रिले सहित आरडीएसओ डीआरजी संख्या आरडीएसओ/एस/32018 रिले रैक (क्यूएनआई–22 नंबर, क्यूएनएआई 06 नंबर, क्यूएलआई–02 नंबर, और टाइमर–01 संख्या)। मात्रा-02 नंबर के साथ टेलीफोन को ब्लॉक करें आरडीएसओ एसपीएन आरडीएसओ/एसपीएन/191/2006 के अनुसार सहायक उपकरण ब्लॉक फोन बिना किसी रुकावट के काम करना चाहिए स्वतः परिवर्तन के बाद)। मात्रा-02 संख्या की आपूर्ति यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार। यह शामिल है (i) स्वचालित मीडिया पर काम करने वाले मॉडेम का परिवर्तन डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल ओएफसी/क्वाड/माइक्रोवेव रेडियो (कोई दो मीडिया)–01 जोड़ी (ii) सेकेंडरी के साथ उपयोग के लिए यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम मीडिया ओएफसी/क्वाड 01 जोड़ी (iii) टाइप सी और डी पावर लाइन (वीएफ24 एसी/डीसी–02 नंबर, वी20सी/3पीएच 150 वी–02 नंबर) और डेटा लाइन एसपीडी (4 पीएम 4डी/5टी–02 नंबर) एक जोड़ी यूएफएसबीआई–01 के साथ काम करने के लिए उपयुक्त सेट (iv) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार्ट यूनिट पीएमएसएस–01 जोड़ी। स्थापना और कमीशनिंग सहित। बोली लगाने वाले को जमा करना होगा आपूर्ति और स्थापना शुल्क अलग से। आरडीएसओ द्वारा निरीक्षण | 15 सेट | 364410 | 18220450.05 | 30-06-2023 |
| 5. | 97235150 | (1) यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की आपूर्ति डेल्ट्रॉन आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार बनाते हैं। इसमें शामिल है निम्नलिखित चीजें। (ए) काम करने वाले मॉडेम का स्वचालित मीडिया परिवर्तन ओएफसी/क्वाड/माइक्रोवेव के डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल रेडियो (कोई भी 2 मीडिया) = 1 जोड़ी (बी) यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम (उपयोग के लिए)। द्वितीयक मीडिया OFC/Qoad = 1 जोड़ी के साथ। (सी) टाइप सी एंड डी पावर लाइन (वीएफ 24 एसी/डीसी–02 नग। और V20C/3PH 150V–2 नग) और डेटा लाइन SPD (MPD) \| 4D/5T - 2nos) जिसमें 1 जोड़ी UFSBI=1 सेट के साथ काम करने के लिए उपयुक्त है (d) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार यूनिट (पीएमएसएस) = 1 जोड़ी। 2. स्थापना एवं काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की कमीशनिंग यूएफएसबीआई 3. मीडिया चेंजओवर स्विच के लिए इंडिकेशन बॉक्स की आपूर्ति यूएफएसबीआई की विश्वसनीयता और उपलब्धता में सुधार। आपका प्रस्तावः स्वयं ब्रांड 4. एलसीबी संकेत प्रावधान और सर्किट परिवर्तन (रिले वायरिंग सामग्री होगी रेलवे द्वारा दिया जाएगा) एलईडी एवं लेबर का कार्य फर्म द्वारा किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति ओईएम या उसके अधिकृत डीलर द्वारा की जानी चाहिए। | 20 सेट | 101380 | 5069078.4 | 06-07-2023 |
| | | (2) यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की आपूर्ति डेल्ट्रॉन आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार बनाते हैं। इसमें शामिल है निम्नलिखित चीजें। (ए) काम करने वाले मॉडेम का स्वचालित मीडिया परिवर्तन ओएफसी/क्वाड/ माइक्रोवेव के डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल रेडियो (कोई भी 2 मीडिया) = 1 जोड़ी। (बी) यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम (उपयोग के लिए)। द्वितीयक मीडिया OFC/Qoad = 1 जोड़ी के साथ। (सी) टाइप सी एंड डी पावर लाइन (वीएफ 24 एसी/डीसी–02 नग। और V20c/3PH 150V-2 नग) और डेटा लाइन SPD (MPD) \| 4D/5T - 2nos) जिसमें 1 जोड़ी UFSBI=1 सेट के साथ काम करने के लिए उपयुक्त है (d) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार यूनिट (पीएमएसएस) = 1 जोड़ी। 2. स्थापना एवं काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की कमीशनिंग यूएफएसबीआई 3. मीडिया चेंजओवर स्विच के लिए इंडिकेशन बॉक्स की आपूर्ति यूएफएसबीआई की विश्वसनीयता और उपलब्धता में सुधार। आपका प्रस्तावः स्वयं ब्रांड 4. एलसीबी संकेत प्रावधान और सर्किट परिवर्तन (रिले वायरिंग सामग्री होगी रेलवे द्वारा दिया जाएगा) एलईडी एवं लेबर का कार्य फर्म द्वारा किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति ओईएम या उसके अधिकृत डीलर द्वारा की जानी चाहिए। | 4 | | | |

नोटः– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्ते वैब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई. टेडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास ||| डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। **पत्र सं0:–20/वरि0 म0 सा0 प्र0/2023 दिनांक. 23–06–2023** **1954/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



TATA

**टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** टॉवर ए, 11वां तल, पेनिनसुला बिजनैस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013, **षाखा कार्यालयः** 9वां तल, विडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक–ई1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अंतर्गत)**

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियो की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

लोन खाता सं. टीसीएफएलए0374000010969635 एवं टीसीएफएलए0374000010969650 (मैसर्स होटल बालाजी)

एतद्द्वारा विशेषतः आम जनता और कर्जदार/सह––कर्जदार को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (प्रतिभूत लेनदार/टीसीएफसीएल) के पास बंधक नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया है, उसे ''जैसा है जहां है'' और ''जो है जैसा है आधार'' पर एवं बिना रिकोर्स आधार पर 2 अगस्त, 2023 को बेचा जाएगा।

जैसा कि प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री बकाया राशि की वसूली के लिए की जा रही है और धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना दिनांक 18.06.2022 के माध्यम से कर्जदार/सह–कर्जदार 1. मैसर्स होटल बालाजी, मार्फत इसके पार्टनर 67/14, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, 2. राकेश कुमार मित्तल उर्फ राकेश मित्तल, मकान नं. 67/68, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, **इसके साथः** 67/14, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, 3. रोहन मित्तल, 67/14, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, **इसके साथः** मकान नं. 67/68, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, 4. ऊषा मित्तल, 67/14, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, **इसके साथः** मकान नं. 67/68, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, 5 पल्लवी मित्तल, 67/14, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001, इसके साथः मकान नं. 67/68, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248001 के पास 18.06.2022 को लोन खाता नं. 20151423 (रिस्ट्रक्चर्ड लोन नं. टीसीएफएलए0374000010969650) के माध्यम से एवं 18.06.2022 को लोन खाता नं. 20156737 (रिस्ट्रक्चर्ड लोन नं. टीसीएफएलए0374000010969635 ) के माध्यम से रु. 3,21,52,518/– (तीन करोड़ इक्कीस लाख बावन हजार पांच सौ अठारह रुपए) के साथ सभी लागत एवं ब्याज आदि बकाया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री को आगे बढ़ाने/निरस्त करने की किसी भी संभावना की अनुपस्थिति में कथित सम्पत्ति 2 अगस्त, 2023 को अप. 2.00 बजे टीसीएफएसएल द्वारा अपने शाखा कार्यालय 9वां तल, विडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक–ई1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 के माध्यम से ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी। टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ईएमडी डिमांड ड्राट के साथ सम्पत्ति की खरीद के लिए मुहरबंद ई–नीलामी 1 अगस्त, 2023 को सायं 5.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी।

| प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | कब्जे का प्रकारः सांकेतिक/भौतिक | आरक्षित मूल्य (रु.) | धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| संपत्ति संख्या 1ः मौजा देहराखास, परगना पछवादून, देहरादून, उत्तराखंड में संपत्ति भूमि खाता नम्बर 1548 (फासली 1416 से 1421), खसरा नं. 681 केए मिनि (टीएचडीसी प्लॉट नम्बर 91), फेज–1 के सभी भाग एवं हिस्से और विषेश रूप से बिक्री विलेख में वर्णित जो घिरी हैः पूर्वः अन्य की संपत्ति, पश्चिमः अन्य की संपत्ति, उत्तरः रोड 16 फीट, दक्षिणः अन्य की संपत्ति। | सांकेतिक | रु. 20815000/– (रु. दो करोड़ आठ लाख पन्द्रह हजार मात्र) | रु. 2081500/– (रु. बीस लाख इक्यासी हजार पांच सौ मात्र) |
| संपत्ति संख्या 2 : सपंत्ति निगम संख्या 67/68, त्यागी रोड, देहरादून, उत्तराखंड के सभी भाग एवं हिस्से और विशेष रूप से बिक्री विलेख में वर्णित जो घिरी हैः पूर्वः 20' चौड़ी रोड, पष्चिमः अन्य की संपत्ति, उत्तरः रोड 20 फीट, दक्षिणः अन्य की संपत्ति। | | रु. 12950000/– (रु. एक करोड़ उनतीस लाख पचास हजार मात्र) | रु. 1295000/– (रु. बारह लाख पिचनवें हजार मात्र) |

बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण अनुसूची में दिया जाएगा। चल वस्तु/घरेलू मालसूची यदि कोई प्रतिभूति परिसंपत्ति जो ऊपर वर्णित है, में स्थित होगी तो वह नीलामी बिक्री सूचना में विषेश रूप से वर्णित और स्पष्ट न किये जाने तक बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होगी। बिक्री यदि उपरोक्त कथित ब्याज एवं लागत (बिक्री की लागत सहित) प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा की जाती है और इसका प्रमाण प्रतिभूत लेनदार द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे स्थगित कर दिया जाएगा। बिक्री पर आम जनता को व्यक्तिगत रूपे अपने प्रस्ताव जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कोई भी अधिकारी या व्यक्ति जो इस बिक्री के साथ किसी भी तरह से जुड़ा हो, चाहे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बोली लगाने के लिए या सम्पत्ति को अधिग्रहित या अधिकृत करने का प्रयास या किसी भी प्रकार का हित नहीं रखेगा। यदि कर्जदार बिक्री से पूर्व टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. को पूर्ण बकाया राशि का भुगतान करता है तो बिक्री को रोक दिया जाएगा। बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तो के अधीन होगी।

ई–नीलामी पोर्टल https://bankauction.in के माध्यम से 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ 2 अगस्त, 2023 को दोप. 2.00 बजे से 3.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। सम्पत्ति की खरीद के लिए जमा की गई सभी बोलियों के साथ ''टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि.'' के पक्ष में दिल्ली उत्तराखण्ड में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि अवश्य संलग्न होनी चाहिए। सम्पत्ति का निरीक्षण 7 जुलाई, 2023 को प्रातः 11 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच किया जा सकता है।

नोटः इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी श्री देवराज सिंह, से ई–मेल devraj.singh@tatacapital.com एवं मोबाइल नं. +91 9312316519 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://bit.ly/3NHX8XG पर दिये गये लिंक को देखें या प्राधिकृत अधिकारी या सर्विस प्रोवाइडर–मैसर्स 4 क्लोजर से सम्पर्क करें।

हस्ता./–

**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 24.06.2023**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**टाटा कैपिटल फाइनेंषियल सर्विसेज लिमिटेड**